राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : चित्रकला

पाठ 14 : लोक चित्रकला

कार्यपत्रक - 14

1. ऐसा क्यों कहा जाता है कि लोक कलाकार साधारण लोग होते हैं तथा सरल माध्यम और पदार्थ का प्रयोग करते हैं? अपने शब्दों में इस तथ्य का औचित्य स्पष्ट करें।

2. लोक चित्रकला के लिए लोक कलाकार स्थानीय रूप से उपलब्ध फूलों से स्वयं रंग किस प्रकार निर्मित करते हैं?

3. लोक कलाकार स्थानीय रूप से उपलब्ध पदार्थों के प्रयोग द्वारा तूलिकाओं का निर्माण कैसे करते थे? अपने शब्दों में वर्णन करें।

4. कालीघाट चित्रकला की एक विशेषता रैखिकता है। इस लोक कला विधा की दो और विशेषतायें लिखें।

5. 'वेशभूषा और पोशाकों के माध्यम से कालीघाट चित्रकला सामाजिक स्तर के अंतर का उदाहरण देती है।' सिद्ध करें।

6. किसी एक कालीघाट चित्र का संक्षेप में अपने शब्दों में वर्णन करें।

7. 'अधिकतर कलमकारी के नमूने पारंपरिक अभिप्राय होते हैं।' इस कथन पर अपने विचार लिखें।

8. ऐसा क्यों कहा जाता है कि वर्ली चित्रकला धार्मिक भावनाओं के स्थान पर मानव और प्रकृति के संबंध में कथन है। अपने शब्दों में व्याख्या करें।

9. वर्ली चित्रकला की ऐसी दो विशेषतायें लिखें जिन्हें आप महत्त्वपूर्ण समझते हैं।

10. 'रचना में अनेक प्रारूप होते हुए भी चित्रकार द्वारा सभी तत्वों को जोड़कर एकरूप बनाकर एकता का प्रभाव उत्पन्न किया गया है'। रचना और शैली की पहचान करें तथा अपने शब्दों में उसका वर्णन भी करें।